# UPSC PRELIMS 2025

## CRASH COURSE



# CURRENT AFFAIRS



## 18 MONTHS

THE HINDU

दैनिक जागरण

The Indian EXPRESS

HT Hindustan Times

Result Mitra

**RAVI SIR**

Topic 1- ग्रे ज़ोन वारफेयर

Topic 2- अर्बिसाइड : एक सैन्य रणनीति

Topic 3- समग्र प्रगति का

Topic 4- INS जटायु

Topic 5- याउंडे घोषणापत्र

Topic 6- महिला, व्यवसाय एवं कानून रिपोर्ट

# ग्रे ज़ोन वारफेयर



**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. ग्रे ज़ोन वारफेयर में सैन्य संघर्ष के बिना एक देश दूसरे देश पर प्रभाव जमाने की रणनीति अपनाता है।
2. यह शीत युद्ध के दौरान उत्पन्न हुआ और वर्तमान परमाणु युग में अधिक प्रचलित हो गया है।
3. चीन द्वारा दक्षिण चीन सागर में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाना इसका उदाहरण नहीं है।

**सही उत्तर चुनें:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

Result Mitra

## संदर्भ

- हाल ही में आयोजित रायसीना संवाद में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 'ग्रे ज़ोन वारफेयर' (Grey Zone Warfare) अनौपचारिक युद्ध का नवीनतम रूप है।

## क्या है ग्रे ज़ोन वारफेयर

- ग्रे ज़ोन वारफेयर का तात्पर्य प्राय: एक मध्यम एवं अस्पष्ट स्थिति से है जो अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में प्रत्यक्ष संघर्ष एवं शांति के बीच मौजूद होती है।
- यह एक ऐसी रणनीति है जहाँ कोई देश खुले (प्रत्यक्ष) युद्ध के बिना ही दूसरे देश पर बढ़त हासिल करने की कोशिश करता है।



- इसमें राजनीतिक व चुनावी हस्तक्षेप, साइबर हमले, ऋण जाल एवं आर्थिक प्रतिबंध और सैन्य कार्रवाई सहित अन्य गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं जिनका उपयोग प्रतिद्वंद्वी देश को कमज़ोर करने या अस्थिर करने के लिए किया जाता है।
- चीन द्वारा भारत एवं अन्य पड़ोसियों के खिलाफ इस रणनीति का उपयोग किया जाता रहा है।

Result Mitra

## ग्रे ज़ोन वारफेयर का उद्भव

- वर्ष 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद प्रारंभ हुई शीत युद्ध की परिघटना ने ऐसी स्थितियाँ पैदा किया जो ग्रे जोन वारफेयर का समर्थन करती थीं।
- वैचारिक एवं आर्थिक प्रभुत्व के लिए यू.एस.-यू.एस.एस.आर. प्रतिद्वंद्विता (US Vs USSR) के बीच यह ज्ञात होने लगा कि दोनों पक्षों के मध्य प्रत्यक्ष संघर्षों को रोकना होगा क्योंकि दोनों पक्ष परमाणु हथियारों से लैस हैं।
- वर्तमान परमाणु युग में पारंपरिक संघर्ष की लागत अधिक बढ़ गई है और स्थिति के बदतर होने का खतरा बहुत गंभीर है।

- परिणामस्वरूप, राष्ट्र अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गुप्त रूप से या अस्पष्ट आरोप या औचित्य के साथ किए गए आक्रामकता के माध्यम से अपने राष्ट्रीय उद्देश्यों को बढ़ावा देना चाहते हैं।

## ग्रे ज़ोन वारफेयर की उपस्थिति

- अमेरिका एवं यूरोप के विशेषज्ञों ने हाल ही में रूस व चीन की कुछ कार्रवाइयों को ग्रे जोन वारफेयर के उदाहरण के रूप में चिन्हित किया है।
- इसमें दक्षिण चीन सागर में चीनी सेना की मौजूदगी भी शामिल है।
- फिलीपीन्स उन देशों में से एक है जिसने क्षेत्र के लगभग 80% हिस्से में चीन के दावों को चुनौती दी है।



- दिसंबर 2023 में इसने विवादित टापू के पास 135 से अधिक चीनी समुद्री युद्धक जहाजों की उपस्थिति को अवैध करार दिया।
- रॉयटर्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान विगत चार वर्षों से चीन की बढ़ती सैन्य कार्रवाइयों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। इसमें नियमित रूप से जलडमरूमध्य के ऊपर से उड़ान भरने वाले चीनी लड़ाकू विमान भी शामिल हैं।
- यह ताइवान पर उन गतिविधियों के लिए दबाव डालने की चीन की रणनीति का हिस्सा है जो प्रत्यक्ष 1 संघर्ष शुरू करने से कुछ ही कम हैं।
- विश्लेषकों का दावा है कि अमेरिका भी इसी तरह की रणनीति में लगा हुआ है। इनमें चीन के खिलाफ उसके आर्थिक प्रतिबंध एवं समुद्री टोही के साथ-साथ अमेरिका में चीनी आयात पर शुल्क लगाना शामिल है।

# अर्बिसाइड : एक सैन्य रणनीति



Result Mitra

**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. अर्बिसाइड का अर्थ होता है 'जंगलों को नष्ट करना' ताकि दुश्मन को छिपने से रोका जा सके।
2. इसका पहला प्रयोग 1963 में लेखक माइकल मूरकॉक द्वारा किया गया था।
3. इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून में मानवता के खिलाफ अपराध के रूप में मान्यता प्राप्त है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

Result Mitra

## संदर्भ

- इजरायल एवं फिलिस्तीन के मध्य संघर्ष में एक नवीन सैन्य रणनीति का प्रयोग किया जा रहा है जिसके लिए विशेषज्ञों ने 'अर्बिसाइड' (Urbicide) पद का प्रयोग किया है।

## इजरायल की अर्बिसाइड सैन्य रणनीति

- हमास आतंकियों को सुरंगों से बाहर निकालने के लिए इजरायल ने गाजा की सुरंगों को समुद्री जल से भरने की कथित रणनीति अपनाई है।
- यह रणनीति दीर्घावधि में भू-जल एवं जलभृतों को नष्ट कर सकती है और संदूषण के कारण यह जल पीने योग्य नहीं रहेगा। इसका प्रभाव कई पीढ़ियों तक रह सकता है।

- ऐतिहासिक रूप से युद्धों में आधारभूत संरचना को लक्षित करने के कई उदाहरण मिलते हैं जिसे सामरिक दृष्टिकोण से 'अर्बिसाइड' के रूप में संदर्भित किया जाता है।
- जब सार्वजनिक सेवाओं (अस्पताल, भवन, पुल आदि) पर बमबारी की जाती है और लोगों व मशीनरी द्वारा सड़कों को विकृत कर दिया जाता है तो इसे अर्बिसाइड के रूप में वर्णित किया जा सकता है।
- यह निर्मित बुनियादी ढाँचे का पूर्व-नियोजित विनाश है।

## अर्बिसाइड का इतिहास

- अर्बिसाइड शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के दो शब्दों अर्ब (शहर) और ओसिडो (नष्ट करना) से हुई है जिसका अर्थ है 'शहर को नष्ट करना'।
- यहाँ शहर के अर्थ में जीवन की रोज़मर्रा की तकनीकें, स्थान एवं सुपरमार्केट, मेट्रो ट्रेन, जल प्रणाली, कंप्यूटर नेटवर्क, विद्युत ग्रिड, खाद्य प्रणाली, चिकित्सा प्रणाली, शिक्षा संस्थान व अनुसंधान ग्रिड जैसे बुनियादी ढाँचे शामिल हैं।
- इस शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम जून 1963 में लेखक माइकल मूरकॉक ने किया गया था।



- विद्वानों ने वर्ष 1992-1996 के मध्य यूगोस्लावियाई युद्ध के दौरान बाल्कन क्षेत्र के कस्बों के व्यापक विनाश के लिए अर्बिसाइड शब्द गढ़ा था।

## *अर्बिसाइड का स्वरूप*

- अर्बिसाइड में शहरों को भौतिक रूप से नष्ट करने के साथ-साथ इसकी सामाजिक एवं सांस्कृतिक विशिष्टता को भी नष्ट करना शामिल है।
- स्टीवन ग्राहम ने वर्ष 2003 में इजरायल-फिलिस्तीन संबंधों के संदर्भ में अर्बिसाइड पद का उपयोग किया

- इन्होंने तर्क दिया कि जेनिन शरणार्थी शिविर में इजरायली रक्षा बलों द्वारा कैटरपिलर डी9 बुलडोजर की तैनाती अर्बिसाइड की ही एक अभिव्यक्ति है।
- यद्यपि डोमिसाइड (निवास स्थल का विनाश) या सुरक्षित आश्रय के अधिकार पर व्यवस्थित हमले को अंतर्राष्ट्रीय कानून में मानवता के खिलाफ अपराध के रूप में मान्यता दी गई है, किंतु अर्बिसाइड को नहीं।
- डोमिसाइड की तुलना में अर्बिसाइड वैचारिक रूप से व्यापक अवधारणा है जिसमें न केवल आश्रय स्थल, बल्कि बुनियादी ढाँचे, पार्क, सार्वजनिक भावना, लोकतंत्र, धर्म व संस्कृति का विनाश भी शामिल है।

- विदित है कि 'नरसंहार' (Homicide) अंतर्राष्ट्रीय अभिसमयों में एक रूपरेखा के रूप में मौजूद है। यह किसी विशेष जातीय समूह से संबंधित लोगों की जान-बूझकर हत्या को संदर्भित करता है।
- हालाँकि, इस पद में मानव शरीर से परे लक्षित सामरिक हिंसा शामिल नहीं है।

## अर्बिसाइड का प्रभाव

- अर्बिसाइड में किसी क्षेत्र के सतत् विनाश की स्थिति होती है। यह विनाश के पैमाने के साथ-साथ नष्ट आधारभूत संरचना के पुनर्निर्माण की संभावना को भी नकारता है।
- जल प्रणालियों, स्कूलों या अस्पतालों पर हमले से नागरिकों को दैनिक आधार पर युद्ध का अनुभव होता है।



- ऐसे में अर्बिसाइड एक सतत् अपराध बन जाता है, जिससे लोग मानवीय पीड़ा एवं सामूहिक आघात की स्थिति में फँस जाते हैं।
- विद्वानों का तर्क है कि निर्मित बुनियादी ढाँचे को नुकसान पहुँचाना क्रूरता है क्योंकि पुनर्निर्माण महँगा एवं दीर्घकालिक होने के साथ-साथ असंभव भी हो सकता है।
- गाजा संभवतः दुनिया में सर्वाधिक घनत्व वाले सोलर रूफटॉप वाले देशों में से एक है। हालाँकि, इजरायल संघर्ष के दौरान इनमें से अधिकांश नष्ट हो गए हैं जो जलवायु शमन लक्ष्यों को पूरा करने की इसकी योजनाओं में बाधा उत्पन्न करता है।

# समग्र प्रगति कार्ड




Result Mitra

**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. समग्र प्रगति कार्ड पारंपरिक रिपोर्ट कार्ड का एक आधुनिक रूप है, जिसे NCERT ने विकसित किया है।
2. यह केवल छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को मापता है और सह-शैक्षिक गतिविधियों को अनदेखा करता है।
3. यह NEP 2020 के अनुरूप बुनियादी, प्रारंभिक और मध्य चरणों के छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**


A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

- राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) पारंपरिक रिपोर्ट कार्ड को बदलने के लिए एक नया 'समग्र प्रगति कार्ड' (Holistic Progress Card: HPC) पेश कर रही है।
- समग्र विकास के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं ज्ञान विश्लेषण (PARAKH) द्वारा विकसित HPC कक्षाओं में पारस्परिक संबंधों, आत्म-विचार, रचनात्मकता व भावनात्मक अनुप्रयोग के साथ-साथ शैक्षणिक प्रदर्शन का आकलन करता है।



- इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 के अनुरूप बुनियादी चरण (कक्षा 1-2), प्रारंभिक चरण (कक्षा 3-5) और मध्य चरण (कक्षा 6-8) के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह कक्षा की गतिविधियों के माध्यम से छात्रों की क्षमताओं का आकलन करता है और उनकी सक्रिय भागीदारी पर विचार करता है। इसमें घर-स्कूल संबंधों को जोड़ने के लिए माता-पिता के इनपुट को शामिल किया गया है।

# INS जटायु






Result Mitra

***निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:***

1. INS जटायु भारतीय वायुसेना द्वारा विकसित एक आधुनिक युद्धपोत है।
2. इसे लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर तैनात किया गया है।
3. यह लक्षद्वीप में तैनात भारतीय नौसेना का पहला बेस है।

***उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?***

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

Result Mitra

- भारतीय नौसेना ने 06 मार्च, 2024 को मिनिकॉय स्थित नौसेना डिटैचमेंट (टुकड़ी) को INS जटायु के रूप में तैनात (कमीशन) किया।
- भारत व मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से पश्चिमी हिंद महासागर में अफ्रीकी तट पर मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर एक हवाई पट्टी और एक जेटी का उद्घाटन करने के कुछ दिनों बाद INS जटायु को कमीशन किया गया है।



## *INS जटायु के बारे में*

- INS जटायु एक अपग्रेडेड नौसैनिक अड्डा है। इसको लक्षद्वीप द्वीप समूह के मिनिकॉय द्वीप पर तैनात (कमीशन) किया गया है।
- मिनिकॉय नौसेना डिटैचमेंट (टुकड़ी) की स्थापना 1980 के दशक की शुरुआत में की गई थी। INS जटायु लक्षद्वीप में दूसरा नौसेना बेस है।
- लक्षद्वीप में पहला नौसेना बेस INS द्वीपरक्षक है जिसे वर्ष 2012 में कावारत्ती में तैनात (कमीशन) किया गया था।
- मिनिकॉय एटॉल लक्षद्वीप द्वीप समूह का दक्षिणतम द्वीप है।
- भारतीय नौसेना के जहाजों (पोत), अड्डों एवं टुकड़ियों के नाम के पहले INS (Indian Navy Ship) शब्द लगा होता है।

## *INS जटायु का महत्त्व*

- द्वीपों में भारतीय नौसेना की समग्र परिचालन क्षमता एवं परिचालन पहुँच में वृद्धि
- पश्चिमी अरब सागर में एंटी-पायरेसी एवं एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशन्स में सुविधा
- मुख्य भूमि के साथ कनेक्टिविटी में वृद्धि
- द्वीपों के व्यापक विकास की दिशा में सरकार के फोकस के अनुरूप
- भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के सिरे पर स्थित होने के कारण भविष्य में किसी भी प्रतिकूल उपस्थिति के खिलाफ एक निवारक



## लक्षद्वीप द्वीप समूह के बारे में

- संस्कृत एवं मलयालम में लक्षद्वीप का अर्थ होता है: एक लाख द्वीप।
- यह भारत का सबसे छोटा (32 वर्ग किमी.) केंद्र-शासित प्रदेश है जिसमें 36 द्वीप शामिल हैं। इनमें से केवल 11 द्वीपों पर ही मानव निवास है।
- लक्षद्वीप हिंद महासागर में कोरलाइन द्वीपों (Coralline Islands) की एक श्रृंखला का हिस्सा है जिसमें दक्षिण में मालदीव और भूमध्य रेखा के दक्षिण में चागोस द्वीप समूह शामिल हैं।

# याउंडे घोषणापत्र



ALMA
Gavi
Partenariat
Unitaid
BILL & MELINDA GATES foundation
Malaria Ministerial Conference:
"Tackling malaria in countries hardest hit by the disease"
Yaounde, 6 March 2024
WELCOME
Organisation mondiale
MALI
NIGERIA
CAMEROUN
BURKINAFASO
UGANDA
SOUDAN

Result Mitra

**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. इसका उद्देश्य अफ्रीका में मलेरिया को समाप्त करना है।
2. यह विश्व स्वास्थ्य संगठन और कैमरून सरकार द्वारा सह-मेजबानी में जारी किया गया था।
3. इस घोषणा पर भारत सहित 11 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

Result Mitra

- अफ्रीकी देशों में मलेरिया से होने वाली मौतों को समाप्त करने के उद्देश्य से 'याउंडे घोषणापत्र' जारी किया गया।
- याउंडे या याओंदे (Yaounde) कैमरून की राजधानी है। इस दौरान विभिन्न हितधारकों ने अफ्रीका से मलेरिया को समाप्त करने का संकल्प लिया।




## याउंडे घोषणापत्र के बारे में

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और कैमरून सरकार के सह-मेजबानी में आयोजित याउंडे सम्मेलन के दौरान मलेरिया के सर्वाधिक बोझ वाले 11 अफ्रीकी देशों ने इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किया।

- ये 11 देश हैं: बुर्किना फासो, कैमरून, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, घाना, माली, मोज़ाम्बिक, नाइजर, नाइजीरिया, सूडान, युगांडा एवं तंजानिया।
- उपरोक्त 11 देश वैश्विक स्तर पर मलेरिया से होने वाली कुल मौतों में से 70% के लिए जिम्मेदार हैं।

## *अफ्रीका में मलेरिया की स्थिति*

- कोविड-19 से पूर्व वर्ष 2019 में वैश्विक स्तर पर मलेरिया के कुल मामले 233 मिलियन थे जो वर्ष 2022 में बढ़कर 249 मिलियन हो गए।
- कुल वैश्विक मलेरिया मामलों में से 94% मामले अफ्रीका से सामने आए हैं, जबकि मलेरिया से संबंधित कुल वैश्विक मृत्यु में से 95% अफ्रीका में देखी गई है।

Result Mitra

## याउंडे घोषणा के मुख्य बिंदु

- मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रमों के लिए मजबूत नेतृत्व प्रदान करने और घरेलू वित्तपोषण में वृद्धि के लिए संबंधित देशों की प्रतिबद्धता।
- देशों द्वारा अपने वार्षिक बजट का 15% स्वास्थ्य क्षेत्र पर व्यय करने पर सहमति।
- डाटा प्रौद्योगिकी में अधिक निवेश सुनिश्चित करने पर सहमति।
- मलेरिया नियंत्रण एवं उन्मूलन में नवीनतम तकनीकी मार्गदर्शन लागू करने तथा राष्ट्रीय व उप-राष्ट्रीय स्तर पर मलेरिया नियंत्रण प्रयासों को बढ़ाने पर बल देना।

- महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना, कर्मियों की क्षमता का विस्तार करना और प्रभावी कार्यक्रम कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
- बहु-क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और वित्तपोषण, अनुसंधान व नवाचार के लिए रणनीतिक साझेदारी बनाना।
- बदलती पारिस्थितिकी एवं रोगवाहकों (वेक्टर) के व्यवहार पर सूक्ष्मता से नजर रखना और स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण पहुँच सुनिश्चित करना।
- संघर्षों, प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन और जैविक खतरे (जैसे- कीटनाशक, दवा प्रतिरोध, उभरते मलेरिया वेक्टर) के साथ-साथ प्रवासन सहित मानवीय संकटों का पर्याप्त रूप से प्रबंधन करना।

# महिला, व्यवसाय एवं कानून रिपोर्ट



**निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित की जाती है और इसमें 190 देशों का मूल्यांकन किया जाता है।
2. भारत इस रिपोर्ट में 80.6 अंक के साथ दक्षिण एशिया में सर्वोच्च स्थान पर है।
3. रिपोर्ट में वेतन, विवाह, मातृत्व, उद्यमिता और पेंशन जैसे कारकों का आकलन किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

- विश्व बैंक के महिला, व्यवसाय एवं कानून रिपोर्ट में 190 देशों में से भारत का 113 वाँ स्थान है। भारत का स्कोर 100 में से 74.4 अंक है।

## *महिला, व्यवसाय एवं कानून रिपोर्ट के बारे में*

- विश्व बैंक द्वारा जारी 'महिला, व्यवसाय एवं कानून, 2024' रिपोर्ट महिलाओं के आर्थिक अवसर को प्रभावित करने वाले कानूनों को मापने वाली वार्षिक रिपोर्ट है।
- इस रिपोर्ट में विश्व बैंक 190 अर्थव्यवस्थाओं में उन कानूनों एवं नीतियों की पहचान करता है जो महिलाओं के आर्थिक समावेशन को प्रतिबंधित करते हैं।
- इसमें कानून एवं सार्वजनिक नीति के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा उनके पूरे जीवनकाल व करियर में लिए गए उन आर्थिक निर्णयों का विश्लेषण किया जाता है, जहाँ महिलाओं को बाधाओं का सामना करना पड़ता है।



- इस रिपोर्ट में महिलाओं से संबंधित आठ क्षेत्रों को शामिल किया गया है: गतिशीलता, कार्यस्थल, वेतन, विवाह, मातृत्व, उद्यमिता, संपत्ति एवं पेंशन।

## वर्तमान रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

- यह रिपोर्ट का 10 वाँ संस्करण है।
- सूचकांक में 100 अंक का तात्पर्य है कि सभी आठ संकेतकों में महिलाएँ पुरुषों के बराबर हैं।
- भारत का स्कोर दक्षिण एशियाई क्षेत्र के औसत (63.7 अंक) से अधिक है, किंतु नेपाल से कम (80.6 अंक के साथ क्षेत्र में उच्चतम स्कोर) है।
- सूचकांक में शामिल 190 अर्थव्यवस्थाओं में से केवल 14 देशों ने 100 अंक प्राप्त किए। इनमें बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आइसलैंड, आयरलैंड, लातविया, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, पुर्तगाल, स्पेन एवं स्वीडन हैं।

Result Mitra